हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे0न0ब0ग0वि0वि0 / प्रशासन / 2023 / 4392 दिनांक: 01 / 06 / 2023

परिपत्र (Circular)

पूर्व निर्गत परिपत्र (Circular) 3033 / 2022 दिनांक 23 / 06 / 2022 के अनुसार विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों / अधिकारियों का सेवा सम्बन्धित व्यक्तिगत डाटा सर्मथ पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है, जिसमें त्रुटिपूर्ण एवं अपूर्ण डाटा को प्रत्येक कार्मिक को व्यक्तिगत रुप से संशोधित कर सत्यापित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है किन्तु परिपत्र निर्गत के 08 माह बाद भी कई शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अपने व्यक्तिगत डाटा को अपडेट नही किया है।

अतः विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों / अधिकारियों को एतदद्वारा अनुरोध किया जाता है कि वह अपनी सेवा से सम्बन्धित समस्त व्यक्तिगत डाटा समर्थ पोर्टल (SAMARTH PORTAL) पर व्यक्तिगत रुप से दिनांक 30 / 06 / 2023 तक हर दशा में संशोधित कर सत्यापित करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी कार्मिक की स्वंय होगी एवं उक्त तिथि के पश्चात् सेवा सम्बन्धित व्यक्तिगत डाटा संसोधन नहीं किया जा सकेगा। प्रत्येक कार्मिक का यूजर नेम एंव पासवर्ड निम्न है:–

https://hnbgu.samarth.ac.in/index.php/site/login

User name : Employee Code

Password : hnb@PAN No.

उक्त से सम्बन्धित किसी भी पूछताछ / सहायता के लिये विश्वविद्यालय कार्मिक **श्री विजय कुमार राय, डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र, मोबाइल संख्या 8006946800** से सम्पर्क स्थापित करें।

01.06.2023
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. प्रो0 एम0एम0एस0 रौथाण, कोर्डिनेटर, समर्थ पोर्टल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. समस्त परिसर निदेशक / संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।
3. नियन्ता / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / परीक्षा नियंत्रक / मुख्य छात्रावास, अधीक्षक / अधिशासी अभियन्ता / पुस्तकालयाध्यक्ष / सुरक्षा अधिकारी / जन–सम्पर्क अधिकारी / समस्त सहायक अभियन्ता।
4. प्रभारी सिस्टम मैनेजर का इस आशय से कि उक्त परिपत्र को विश्वविद्यालय वैबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. संयुक्त कुलसचिव / समस्त उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी / प्रभारी उपकार्यालय देहरादून।
6. उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी प्रशासन को इस आशय के साथ प्रेषित कि श्री विजय कुमार राय, डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र को विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों / अधिकारियों की सेवा सम्बन्धित व्यक्तिगत डाटा उपलब्ध करवाने का कष्ट करेंगे।
7. श्री विजय कुमार राय को इस आशय के साथ कि कार्मिकों के डाटा सुधार की प्रक्रिया अविलम्ब शुरु करें एवं प्रो0 एम0एम0एस0 रौथाण, कोर्डिनेटर, समर्थ पोर्टल को रिर्पोट करें।
8. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
9. निजी सचिव, कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
10. विश्वविद्यालय नोटिस बोर्ड।
11. गार्ड फाइल

कुलसचिव